आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 27.09.2025 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्रीः ओडिशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज झारसुगुड़ा में 60 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएँ दूरसंचार, रेलवे, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, ग्रामीण आवास सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने गुजरात के सूरत में ओडिशा के बरहामपुर और उधना के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को भी झंडी दिखाई। इस अवसर पर ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल उधना रेलवे स्टेशन पर उपस्थित थे। यह ट्रेन ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात सहित कई राज्यों को भी जोड़ेगी।

प्रधानमंत्री ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ओडिशा दोहरी इंजन वाली सरकार के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उन पाँच शीर्ष देशों में शामिल होगा जिनके पास अपना 4जी और 5जी नेटवर्क होगा।

जीएसटी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। इस महीने की 22 तारीख से लागू अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।**

मुख्यमंत्री हेलमेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सेवा पखवाडा अंतर्गत भोपाल में नागरिकों को निःशुल्क हेलमेट वितरण कर अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने दो पहिया वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। इस अभियान का उददेश्य सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना है।

विश्व पर्यटन दिवस

आज विश्व पर्यटन दिवस है। यह दिवस लोगों को जोड़ने, सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास में पर्यटन के महत्व पर प्रकाश डालता है। इस वर्ष का विषय है पर्यटन और सतत परिवर्तन। जो सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने में पर्यटन की शक्ति पर ज़ोर देता है।

पर्यटन दिवस पर मध्यप्रदेश में संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय सहित भोपाल के अधीन प्रदेश के सभी संग्रहालयों और स्मारकों पर दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

अनिवार्य घोषणा

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग अपने फ़ोन–इन कार्यक्रम "मार्केट मंत्रा" में आज शाम साढ़े छह बजे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर चर्चा प्रसारित करेगा। चर्चा में वित्त मंत्रालय के अधिकारी और आर्थिक विश्लेषक शामिल होंगे।

कार्यक्रम के दौरान, श्रोता हमारे विशेषज्ञों से वस्तु और सेवाकर –जीएसटी से संबंधित प्रश्न पूछ सकते हैं। प्रश्न पूछने के लिए फोन नम्बर हैं– 011– 2 3 7 1 7 1 1 7 और 011– 2 3 3 1 4 4 4 4. व्हाट्सएप नंबर 9 2 8 9 0 9 4 0 4 4 पर भी प्रश्न भेजे जा सकते हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा उपार्जित करने के लिए 9 पंजीयन केन्द्र का निर्धारण किया गया है। अब किसान स्वयं के मोबाइल से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे।
- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जबलपुर के जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने साफ–सफाई कर श्रमदान किया। इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता के संकल्प की शपथ दिलवाई गई।
- पन्ना जिले में इस वर्ष 1 जून से 26 सितम्बर की अवधि में औसत से अधिक वर्षा 1 हजार 186.3 मिमी दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष उक्त अवधि में 1 हजार 065.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1 हजार 176.4 मिमी है।

..............................